संख्या- 7 / 3138 /चार-2014-39(वि)/14

प्रेषक,

राम विशाल मिश्र
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 18 दिसम्बर, 2014

विषय:-दिनांक 19 से 21 दिसम्बर,2014 की अवधि में जनपद गोरखपुर के बडहलगंज में सरयू महोत्सव के आयोजन में कराये जाने वाले कार्यक्रम हेतु रू0 1.00 लाख की प्रशासनिक/ वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2031/सं0नि-15(1)/2014-15-10, दिनांक 12 नवम्बर, 2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 19 से 21 दिसम्बर,2014 की अवधि में जनपद गोरखपुर के बडहलगंज में सरयू महोत्सव के आयोजन में कराये जाने वाले कार्यक्रम हेतु रू0 1.00 लाख (रूपये एक लाख मात्र) की प्रशासनिक/ वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3- उक्त धनराशि रू0 1.00 लाख (रूपये एक लाख मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या- 92- के अधीन लेखाशीर्षक-2205- कला एवं संस्कृति-आयोजनेत्तर- 001-निदेशन एवं प्रशासन-03- संस्कृति निदेशालय-42- अन्य व्यय में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

भवदीय,

(राम विशाल मिश्र)
विशेष सचिव।

संख्या- 7 /3138 (1)/चार-2014 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निजी सचिव, मा0 संस्कृति मंत्री जी।
3- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/ वित्त (ई-7) अनुभाग
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(मणीन्द्र शर्मा)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in